**प्रेस नोट दिनांक 21.06.2026**

**थाना आंवला जनपद बरेली**

**हत्या के प्रयास, गैंगस्टर एक्ट सहित 03 मामलों में वांछित ₹ 25,000/- का पुरस्कार घोषित शातिर अभियुक्त थाना आंवला #bareillypolice द्वारा पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार, अवैध असलहा एवं मोटरसाइकिल बरामद ।**

थाना आंवला क्षेत्र में दिनदहाड़े अपहरण के प्रयास, लोहे की रॉड से जानलेवा हमला तथा गैंगस्टर एक्ट सहित गंभीर मामलों में वांछित ₹25,000/- का इनामी शातिर अभियुक्त पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया। मुठभेड़ में एक पुलिसकर्मी घायल हुआ, जबकि अभियुक्त के दो साथी मौके से फरार हो गए।

**घटना विवरण एवं कार्यवाहीः-**

दिनांक 19.06.2026 को वादी कौशल पुत्र स्व0 कैलाश प्रजापति निवासी पुरैना बस स्टैंड बालाजी धाम कॉलोनी थाना आंवला द्वारा तहरीर दी गई कि संजय यादव व उसके साथियों द्वारा लोहे की रॉड से हमला कर जान से मारने का प्रयास किया गया। सूचना पर मु0अ0सं0 340/2026 धारा 109/115(2)/351(3) बीएनएस के अंतर्गत संजय यादव आदि 03 नामजद पंजीकृत किया गया।

उक्त मुकदमे में नामित अभियुक्त संजय यादव थाना आंवला पर पंजीकृत मु0अ0सं0 180/2026 धारा 191(2), 333, 115(2), 351(2), 352, 109 बीएनएस एवं मु0अ0सं0 283/2026 धारा 2(ख) उपधारा (ii)/3(1) गैंगस्टर एक्ट में वांछित था जिस पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जनपद बरेली द्वारा ₹25,000/- का इनाम घोषित किया गया था।

अभियुक्त एवं उसके साथियों की गिरफ्तारी हेतु थाना स्तर से 03 पुलिस टीमें गठित की गईं। दिनांक 21.06.2026 को मुखबिर की सूचना पर रेवती तिराहे से जाने वाले कच्चे रास्ते के पास ट्यूबवेल के समीप घेराबंदी के दौरान अभियुक्त संजय यादव पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया। मुठभेड़ के दौरान अभियुक्त द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया, जिसके जवाबी कार्रवाई में उसके दोनों पैरों में गोली लगी। मुठभेड़ में हेड कांस्टेबल रविशंकर घायल हुए। अभियुक्त के दो साथी संजू यादव एवं ज्ञानदीप मौके से फरार हो गए। घायल अभियुक्त एवं पुलिसकर्मी को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया है। पुलिस मुठभेड़ एवं बरामदगी के सम्बन्ध में अभियोग पंजीकृत कर अग्रेतर विधिक कार्यवाही प्रचलित है तथा फरार अभियुक्तों की तलाश जारी है।

**घटना के सम्बन्ध में पंजीकृत अभियोग का विवरणः-**

मु0अ0सं0 342/2026 धारा 109 बीएनएस व 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना आंवला जनपद बरेली

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-**

संजय यादव पुत्र मुन्ना यादव उर्फ मुन्नू उम्र 26 वर्ष निवासी मोहल्ला ताड़गंज निकट यादवों वाली पुलिया कस्बा आंवला जिला बरेली **(**दोनों पैरों में गोली लगने से घायल)**)**

**अभियुक्त संजय यादव का आपराधिक इतिहासः-**

1. मु0अ0सं0 488/24 धारा 109/191(2)/191(3)/115(2)/118(1) बीएनएस थाना आंवला जनपद बरेली
2. मु0अ0सं0 506/24 धारा 109/262/3(5) बीएनएस व 3/25/27 आर्मस एक्ट थाना आंवला जनपद बरेली
3. म0अ0सं0 50/24 धारा 323/332/504 भादवि थाना आंवला जनपद बरेली
4. मु0अ0सं0 312/23 धारा 323/504/506 भादवि थाना आंवला जनपद बरेली

5. मु0अ0सं0 314/23 धारा 147/323/504/506 भादवि थाना आंवला जनपद बरेली
6. मु0अ0सं0 403/23 धारा 147/323/504/506 भादवि थाना आंवला जनपद बरेली
7. मु0अ0सं0 196/24 धारा 323/504/506 भादवि थाना आंवला जनपद बरेली
8. मु0अ0सं0 199/24 धारा 506 भादवि थाना आंवला जनपद बरेली
9. मु0अ0सं0 450/25 धारा 18/8 एनडीपीएस एक्ट थाना आंवला जनपद बरेली
10. मु0अ0सं0 328/25 धारा 333/115/(2)352/351(2) बीएनएस थाना आंवला जनपद बरेली
11. मु0अ0सं0 180/26 धारा 191(2)/333/115(2)/352/109 बीएनएस थाना आंवला जनपद बरेली
12. मु0अ0सं0 283/26 धारा 2(b)(ii)/3 गैंगस्टर एक्ट थाना आंवला जनपद बरेली
13. मु0अ0सं0 340/26 धारा 109/115(2)/351(3) बीएनएस थाना आंवला जनपद बरेली

**बरामदगी का विवरणः-**

01 अवैध तमंचा 315 बोर

01 खोखा कारतूस (नाल में फंसा)

02 जिंदा कारतूस 315 बोर

01 टीवीएस राइडर मोटरसाइकिल (बिना नंबर)

**पूछताछ विवरणः-**

अभियुक्त संजय यादव पुत्र मुन्ना यादव उर्फ मुन्नूव ने पूछताछ में बताया कि दिनांक 19.06.2026 को उसने अपने साथियों संजू यादव एवं ज्ञानदीप के साथ मिलकर वादी कौशल के साथ मारपीट की थी, जिसके बाद से वह गिरफ्तारी के भय से फरार चल रहा था तथा लगातार स्थान बदलकर छिपता रहा। अभियुक्त ने यह भी बताया कि वह थाना आंवला पर पंजीकृत गैंगस्टर एक्ट सहित अन्य अभियोगों में वांछित था। पुलिस द्वारा घेराबंदी किए जाने पर उसने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया, जिसके जवाबी फायर में उसके दोनों पैरों में गोली लगी। अभियुक्त ने अपने फरार साथियों के नाम संजू यादव एवं ज्ञानदीप बताए । उसने स्वीकार किया कि दोनों साथियों के कहने पर उसने पुलिस टीम पर फायर किया था।

**पुलिस टीम का विवरणः-**

1. प्रभारी निरीक्षक बीनू सिंह सिंह थाना आंवला जनपद बरेली
2. निरीक्षक अपराध अरविन्द सिंह थाना आंवला जनपद बरेली
3. उ0नि0 नितिन शर्मा थाना आंवला जनपद बरेली
4. उ0नि0 राजेश कुमार रावत थाना आंवला बरेली
5. हे0कां0 रवि शंकर थाना आंवला जनपद बरेली
6. कां0 सोनू कुमार थाना आंवला जनपद बरेली
7. कां0 दुलीचन्द थाना आंवला जनपद बरेली
8. कां0 मनोज कुमार थाना आंवला जनपद बरेली